।।जैनम् जयति शासनम्।।

# राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद्

सम्पर्क सूत्रः 7877735999, 9799691530

दिनांक 22/05/2023

क्रमांकः 340/2023

प्रतिष्ठा में
श्रीयुत इकबाल सिंह जी लालपुरा साहब
माननीय अध्यक्ष महोदय जी,
राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग
भारत सरकार नई दिल्ली 110003

विषय :- अल्पसंख्यक वर्ग की आमसभा में समाज श्रेष्ठियों के सुझावों के आधार पर बने मांग पत्र की मांगों का समाधान करने/करवाने के संदर्भ में विनम्र निवेदन ।

सम्मानीय महोदय /महोदया जी,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपका ध्यान आकृष्ट कर करबद्ध निवेदन है कि अल्पसंख्यक वर्ग समाज श्रेष्ठियों एवं राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के पदाधिकारियो की एक साधारण सभा में आम सहमति और युवा वर्ग के सुझावों को ध्यान मे रखते हुए एक मांग पत्र तैयार किया गया है मांगो का समाधान करने/करवाने के लिए मांग पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत है -

1.अल्पसंख्यक वर्ग को स्थानीय निकाय एवं पंचायत राज तथा नगर निकाय व नगर निगम की सीटो में आरक्षण प्रदान किया जाए ।

2.अल्पसंख्यक वर्ग का समाजिक एवं आर्थिक और राजनैतिक स्थितियों को सर्वे करवाकर 7 प्रतिशत का आरक्षण केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रदान करने का प्रावधान किया जाए ।

3.अरबी एवं प्राकृत भाषा के शिक्षण के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा अरबी एवं प्राकृत भाषा के विभिन्न कोर्स कराने की व्यवस्था की जाए ।

4.भारतीय प्रशासनिक सेवाऐ (आई. ए.एस /आई.पी.एस ) के कैडर में गृह राज्य के अधिकारियों को अधिकतम प्रतिनिधित्व ताकि अल्पसंख्यक वर्ग की समस्याओ का समाधान त्वरित एवं समुचित रूप से किया जा सकें ।

5.भारत सरकार की ओर से अल्पसंख्यक वर्ग के लिए दी जा रही अनुदान राशि में तत्काल बढ़ोत्तरी की जाए ताकि अल्पसंख्यक वर्ग की बिखरी आबादी को भी लाभ मिल सके ।

6.लोकसभा/राज्यसभा/विधानसभा/विधान परिषद् की सीटो के निर्धारण में अल्पसंख्यक वर्ग की सूमुचित भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अल्पसंख्यक बाहुल्य लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रो को रिजर्व घोषित किए जाए ।

7.प्रदेश से चुने हुए अल्पसंख्यक वर्ग के जनप्रतिनिधियों को भारत सरकार एवं राज्य सरकारों मे समुचित भागीदारी सुनिश्चित की जाये ।

8.अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को उधम चलाने/स्थापित करने एवं रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम,प्रशिक्षण चलाने हेतु आर्थिक सहायता सुगम तरीके से उपलब्ध कराई जाए ।

**सबकी जरूरत है आज, अखण्ड हो अपना जैन समाज**

प्रान्तीय कार्यालयः ए-7, टेलीफोन कॉलोनी, गली नं. 3, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर ( राज. )- 302015
ई-मेल : jinendrajain14319@gmail.com , bashok1@yahoo.com

क्रमांकः 341/2023 दिनांक 22/05/2023

9.अल्पसंख्यक वर्ग के सभी समुदायों/ क्षेत्रों में सामाजिक/शैक्षणिक/आर्थिक उत्थानो हेतु विशेष प्रयोजन किए जाए, ताकि अल्पसंख्यक वर्ग के सभी समुदाय मुख्य धारा में शामिल हो सके, और अब तक भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के लिए किए गये सभी प्रयास/उपाय एवं योजनाओं की समीक्षा कर वर्तमान मे आवश्यकतानुसार नई योजना विकास कार्यक्रम लागू किये जाए ।

10.निजी क्षेत्र में उत्पन्न हुई नौकरियों में अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को नियमानुसार आरक्षण की व्यवस्था की जाए जिससे उन्हे समुचित मात्रा में रोजगार मिल सके ।

11.अल्पसंख्यक वर्ग के ऊपर पर अत्याचार करने वाले एवं समुदाय और संतो तथा धर्मगुरु व मौलवियों के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने वाले विभिन्न संगठनों एवं लोगों तथा राजनेताओं के खिलाफ विशेष अधिनियम का निर्माण आयोग/सरकार के द्वारा किया जाए जिससे समुदाय के लोगो को सुरक्षा मिल सके ।

12.जैन समुदाय के आचार्य व साधु और साध्वी पैदल ही विचरण करते है उनके आहार एवं ठहरने के लिए मुख्य सड़को पर हर 10-10 किलोमीटर पर एक या दो बड़े कमरों का निर्माण प्रत्येक राज्य में आयोग/सरकार द्वारा किया जाये ।

13.आंध्र प्रदेश राज्य की तर्ज पर भारत मे प्रत्येक राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश में अल्पसंख्यक वर्ग के जैन समुदाय की संस्कृति,धार्मिक सम्पत्तियों की सुरक्षा/संरक्षण,जैन आचार्यो/संतो की सुरक्षा एवं चर्या के संरक्षण हेतु "श्रमण संस्कृति बोर्ड" का गठन किया जाये ।

14.डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित एवं आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 में अल्पसंख्यक वर्ग को शामिल किया जाए ।

15.प्रत्येक राज्य में शैक्षणिक एवं व्यावसायिक ऋण योजना में सरलीकरण किया जाए तथा शैक्षणिक एवं व्यावसायिक ऋण की निर्धारित इकाई लागत में वृद्धि की जाए ।

16.जिन राज्यों में अल्पसंख्यक आयोग स्थापित नही है वहां जल्द अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदान किया जाए ।

17.प्रत्येक राज्य के विश्वविद्यालयो में कुलपतियों की नियुक्तीयों में अल्पसंख्यक वर्ग की आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए ।

18.राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की तर्ज पर राज्य अल्पसंख्यक में भी सलाहकार एवं विशिष्ट आमन्त्रित सदस्यो की नियुक्ति राज्य एवं जिला तथा ब्लॉक स्तर पर की जाए जिससे प्रत्येक समुदाय की वास्तविक स्थिति का पता चल सके ।

19.केन्द्र एवं प्रदेश स्तर पर सरकार की विरासतों स्थलों,सडको और अन्य ऐतिहासिक स्थानों के अंग्रेजो के नाम बदलकर अल्पसंख्यक वर्ग के साधु, संत और साध्वियों,गुरुओं एवं मौलवियों तथा स्वतंत्रता नायकों के नाम से किया जाए ।

20.प्रत्येक राज्य अल्पसंख्यक आयोगों के द्वारा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन करने के दिशा निर्देश प्रदान करे जिससे अल्पसंख्यकों को अभिव्यक्ति एवं पीड़ा को रखने का एक मंच मिल सके ।

21. प्रत्येक राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा अपना एक एप्लिकेशन एप्प बनाया जाए जिसके माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यकों से जुड़ी सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल सकें और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सके तथा शिकायत का समाधान करने की एक निश्चित समयावधि निर्धारित हो सके ।



प्रान्तीय कार्यालयः ए-7, टेलीफोन कॉलोनी, गली नं. 3, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर ( राज. )- 302015

ई-मेल : jinendrajain14319@gmail.com , bashok1@yahoo.com

।।जैनम् जयति शासनम्।।

# राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद्

सम्पर्क सूत्रः 7877735999, 9799691530

क्रमांकः 342/2023 दिनांक 22/05/2023

22.प्रत्येक राज्य के जिला मुख्यालय पर चल रहे जो जिला अल्पसंख्यक मामलात विभाग किराये के भवनों में चल रहे है उनके लिए सुविधाजनक स्थान पर भूमि का आवंटन करवाते हुए कार्यालय भवन का निर्माण किया जाए जिसमे अल्पसंख्यक वर्ग के साथ संवाद करने के लिए सभागार कक्ष और आगुन्तको के बैठने के समुचित व्यवस्था व पीने के पानी,महिलाओं -एवं पुरुषों पृथक सुलभ शौचालय व मूत्रालय की व्यवस्था हो ।

23.अल्पसंख्यको के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री जी के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की क्रियान्विति के लिए प्रत्येक राज्य में ब्लॉक स्तर समिति का गठन किया जाए तथा जिन राज्यों और उनके जिलों में राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय समिति के सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो गया हैं वहां जल्द राज्य एवं जिला स्तरीय समिति में नवीन सदस्यों की नियुक्ति करवाई जाए ।

24.अल्पसंख्यक वर्ग के सभी समुदायों के साधु,संतो,साध्वियों ,धर्मगुरुओं,मौलवियों के पास आधार व जनआधार या अन्य कोई कार्ड की अनुपस्थिति में केन्द्र एवं राज्य सरकारों के द्वारा सरकारी चिकित्सालयों में नि:शुल्क सम्पूर्ण इलाज की सुविधा प्रदान की जाए ।

उपरोक्त मांग प्रस्तुत कर आपसे सादर अनुरोध है कि अल्पसंख्यक वर्ग की प्रमुख मांगो पर बने 24 सूत्रीय मांग पत्र पर संज्ञान लेते हुए अपने स्तर से कार्यवाही करने/करवाने का श्रम करने की कृपा करे ।

शीघ्र कार्यवाही की आशा में,

आदर सहित ।

भवदीय

जिनेन्द्र जैन
अध्यक्ष

सद्दीक खांन
अध्यक्ष
अमन विकास समिति

बाबू ठेकेदार
कोषाध्यक्ष
अमन विकास समिति

सुभाती अमीर साहब
सचिव / मंत्री
अमन विकास समिति

22/05/2023

खलील खांन

सुमनलता जैन

सबकी जरूरत है आज, अखण्ड हो अपना जैन समाज

प्रान्तीय कार्यालयः ए-7, टेलीफोन कॉलोनी, गली नं. 3, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर ( राज. )- 302015

ई-मेल : jinendrajain14319@gmail.com , bashok1@yahoo.com